तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

11 स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता के लिए किया ...



12 नौतपा का कहर: 45 डिग्री तापमान से तप रहा...





## खबर संक्षेप

### विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन 5 जून को

**बलौदाबाजार।** जिले की पंचायतों में 5 जून को विशेष ग्रामसभा का आयोजन होगा, इसके लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा आदेश जारी किया गया है। ग्रामसभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्रामसभा में विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन। पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि सर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाइन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल हैं।

### आपदा पीड़ति 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में करुणा ध्रुव पति धर्मेंद्र ध्रुव , निवासी ग्राम पारागांव तहसील बलौदा बाजार, गोमती पति स्व. गोविंद राम, निवासी ग्राम कोनारी, तहसील पलारी, कार्तिक पिता भागचंद, निवासी ग्राम बिनौरी, तहसील पलारी शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के आंधी तूफान के साथ बारिश होने से पेड़ की डंगाल सिर में गिरने से चोट लगने के कारण, कुआँ, तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### पद्म पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा गणतंत्र दिवस 2027 अवसर पर घोषित किये जाने वाले पद्म पुरस्कार हेतु नामांकन, अनुशंसा 31 मई 2026 तक आमंत्रित की गई है। आवेदन विभागीय पोर्टल पर कर सकते हैं। जिले से दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समावेशन एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के नाम प्रस्तावित किये जाएगें। जिला प्रशासन ने सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं एवं पात्र व्यक्तियों से निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप अधिक से अधिक नामांकन भेजने की अपील की है। इस पुरस्कार का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करना, उनकी पहचान स्थापित करना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है।

### पलारी में लो वोल्टेज की समस्या, ग्रामीण परेशान

**पलारी।** नगर पलारी सहित अंचल में लो वोल्टेज से ग्रामीण व नगरवासी परेशान है विगत तीन वर्षों से गर्मी लगते ही हर रोज रात्रि 8/9 बजे से लो वोल्टेज हो जाता है वही रात को कभी भी लाइन गुल हो जाता है। नगरवासी शिकायत पे शिकायत कर रहे है पर अधिकारी शिकायत में पल्ला झाड़ते नजर आ रही वही पलारी अधिकारी का कहना है कि सिंगल फेस को ट्रिपल फेस करने का टेंडर निकल गया है लेकिन कब तक होगा ये नहीं बता पा रहे है। नगरवासियों ने इस लो वोल्टेज की समस्या को जल्द निदान करने की मांग की है ।

# खपराडीह में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, आक्रोशित 700 ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम खपराडीह के बाजार चौक स्थित शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर विवाद गहरा गया है। अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर करीब 700 ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन और ग्राम सभा का प्रस्ताव एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल विकास कार्यों के लिए सुरक्षित शासकीय भूमि से कब्जा हटाया जाए, किसी गरीब का मकान न तोड़ा जाए।

मामले में तहसीलदार के बेदखली आदेश के खिलाफ दोनों पक्षों ने एसडीएम न्यायालय में अपील की थी, जिस पर स्थगन (स्टे) मिला हुआ है। इसी सिलसिले में मौका निरीक्षण करने पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिमगा अतुल सेटे और सुहेला तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा को ग्रामीणों के भारी विरोध और आक्रोश का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी और बिना पर्याप्त पुलिस बल के पहुंचे अधिकारियों के सामने ही दोनों पक्षों में तीखी बहस और नोकझोंक होने लगी। माहौल बिगड़ता देख बाद में पुलिस बल बुलाना पड़ा और तनाव के कारण अधिकारी मौका निरीक्षण नहीं कर पाए। ग्रामीणों का कहना है कि खसरा नंबर 145/1 की यह सुरक्षित भूमि सार्वजनिक कार्यों के लिए है। यहां राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी गई है, लेकिन कुछ लोग ईंट, पत्थर और कांटे डालकर कब्जा कर रहे हैं।

## राजस्व मंत्री वर्मा ने सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख की दी मंजूरी

### नोटिस देने का आरोप

वहीं, कुछ ग्रामीणों ने तहसीलदार पर पक्षपात और राजनीतिक दबाव में गलत रिपोर्ट तैयार कर निर्दोषों को नोटिस देने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत के सरपंच गजेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि वास्तविक कब्जाधारियों पर कार्रवाई हो, ताकि गांव का विकास न रुके।



### मामला न्यायालय में विचाराधीन

मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है और दोनों पक्षों को स्थगन दिया गया है। स्थिति का पूरा परीक्षण कर विधिसम्मत और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

अतुल सेठे, एसडीएम, सिमगा

## कार्रवाई : अवैध उत्खनन की जांच व छापेमारी लगातार जारी

# लिमतरा में संयुक्त टीम की दबिश 88 ट्रैक्टर डंप अवैध रेत बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त टीम द्वारा रात्रिकालीन जांच व छापेमारी की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रात्रिकालीन छापेमारी में अवैध रूप से भण्डारण किये गये 88 ट्रैक्टर रेत जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार एसडीएम एवं एस डीओपी सिमगा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम लिमतरा में रात्रिकालीन जांच के दौरान अवैध रेत डम्प पाया गया। पटवारी व सरपंच से जानकारी ली गई और सम्बंधित को मौके पर तलब कर पूछ-ताछ की गई। रेत भण्डारण के समबंध में कोई दास्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर भण्डारित लगभग 88 ट्रैक्टर रेत को जब्त कर सरपंच के सुपुर्दगी में दिया गया। अवैध भण्डारित रेत में रामाकुमार रात्रे 17 ट्रैक्टर, परमेश्वर बघेल 8 ट्रैक्टर, तोरण निषाद 5 ट्रैक्टर, गुलाब दास 35 ट्रैक्टर, रामकुमार 18 ट्रैक्टर एवं अज्ञात व्यक्ति 5 ट्रैक्टर शामिल हैं। इसके साथ ही 2 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। इसी तरह तहसील पलारी में अवैध रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना पलारी के सुपुर्द दिया गया।

# पाइप चोर गिरोह फूटा क्रेन व वाहन समेत 64 लाख का माल जब्त



**बलौदाबाजार/भाटापारा।** जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के सामान पर हाथ साफ करने वाले एक शातिर गिरोह को पकड़ने में करहीबाजार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी के 24 घंटे के भीतर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी के 26 नग डीआई पाइप और वारदात में इस्तेमाल की गई हाइड्रा क्रेन व माजदा गाड़ी सहित कुल 63 लाख 60 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार26 मई की सुबह लगभग 11.30 बजे करहीबाजार-बिटकुली मार्ग पर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा था। प्रार्थी कुमार अभिजीत निवासी भाटापारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

- पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जल जीवन मिशन के थे पाइप

### पुलिस का त्वरित एक्शन

पाइप चोरी होते देख प्रार्थी और वहां काम कर रहे अन्य लोगों ने तत्परता दिखाई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने हाइड्रा क्रेन और माजदा के जरिए लोहे के डीआई पाइप चोरी करने का जुर्म कबूल कर लिया।

# मयूर शिशु मंदिर ने नपा को चुकाया वर्षों से लंबित 11 लाख 94 हजार का टैक्स



**भाटापारा।** नगर पालिका कार्यालय में एक सार्थक मुलाकात का आयोजन हुआ, जिसमें मयूर शिशु मंदिर विद्यालय के पदाधिकारियों एवं मयूर परिवार के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान विद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन एवं सार्थक चर्चा की गई तथा सामाजिक दायित्वों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा वर्षों से लंबित 11,94,461/- रुपये की कर राशि का चेक के माध्यम से नगर पालिका को भुगतान किया गया। इस अवसर पर मयूर परिवार के अध्यक्ष अशोक बाजपेयी, ▶▶ शेष पेज 10 पर

# बलौदाबाजार में कार से शराब की तस्करी, 2 कोचिए गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना /"समाधान सेल रंग लाने लगी है। इस हेल्पलाइन पर मिली एक सटीक सूचना के आधार पर सुहेला पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर कार से अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो शातिर कोचियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देशी मसाला शराब और तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 मई की रात समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि कुछ लोग कार के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सुहेला की पुलिस टीम ने तत्काल एक्शन लिया। पुलिस ने ग्राम साराडीह के पास रणनीतिक घेराबंदी की और संदिग्ध मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्र. सीजी 04 डीएक्स 2444 को रोककर उसकी तलाशी ली। कार की तलाशी ▶▶ शेष पेज 10 पर

# आदर्श शहर समृद्धि योजना में बलौदाबाजार जिले का नाम प्रथम चरण में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा आदेश जारी कर आदर्श शहर समृद्धि योजना अंतर्गत प्रथम चरण में 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया जिसमें नगर पालिका बलौदा बाजार को शामिल किया गया है, इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सहित कैबिनेट मंत्री व विधायक टंकराम वर्मा, के प्रति आभार व्यक्त कर हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस योजना में होने वाले कार्य से नगर बलौदाबाजार पूर्ण रूप से समृद्धि शाली व आदर्श नगर की पहचान में शामिल होगी, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की मंशा बलौदा बाजार को विकास की दिशा में आगे बढ़ाए जाने का उद्देश्य अब पूर्ण होने जा रहा है। इस आदर्श शहर समृद्धि योजना के अंतर्गत किए जाने वाले विकास कार्यों में नगर की सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति, परिवहन, पार्क उद्यान, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाएं, रोजगार, व्यापार, उद्यमिता प्रोत्साहन, ई गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, हरित क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, सुझाव, शिकायत निवारण और रिपोर्टिंग प्रणाली को शामिल किया गया है व अन्य कार्य कराया जाना है।

आदर्श कर समृद्धि योजना के अंतर्गत शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप नगरी निकाय के अध्यक्ष, पार्षद गणों व स्थानीय जनप्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर कार्य का चयन किए ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अखंडता एवं संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का लिया संकल्प

# शहर कांग्रेस ने मनाई पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आज शहर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर नेहरू चौक एवं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरूजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पं. जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्र निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच एवं आधुनिक भारत की नींव रखने में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू जी ने देश को एक मजबूत लोकतंत्र, शिक्षा, उद्योग एवं विकास की नई दिशा प्रदान की, जिसका लाभ आज भी देश को मिल रहा है।

इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों पर चलने एवं देश की एकता, अखंडता एवं संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।







कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे.कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, महामंत्री लखेश साहू, जितेंद्र नवरत्न, भेनू प्रसाद साहू, छल्ला साहू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतोष तिवारी, शहर महामंत्री मोहन साहू, अजय भारती, ग्रामीण महामंत्री भावेश वर्मा, सुखदेव साहू, पवन दास, खिलावन जायसवाल, मानिकपुरी, सुखदेव साहू, पुरुषोत्तम यादव, जतिराम साहू, सुरेंद्र यादव, अरुण कनोजे, पार्षद शेखर गुप्ता, राजकुमार साहू सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

# पं. जवाहरलाल नेहरू ने देश की प्रगति आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी : इन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कांग्रेस भवन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर विधायक इन्द्र साव ने कहा नेहरूजी ने अपना पूरा जीवन देश के स्वतंत्रता, एकता और विकास के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने स्वतंत्र भारत को लोकतंत्र, विज्ञान, शिक्षा और औद्योगिक विकास की मजबूत दिशा प्रदान की। पं. नेहरू के नेतृत्व में देश प्रगति और आत्मनिर्भरता की नई राह पर कदम बढ़ाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा स्वतंत्र भारत के नवनिर्माण के लिए अगर किसी को श्रेय देना चाहिए तो वे नेहरूजी को देना चाहिए। उनकी ही दूरदर्शिता और व्यापक विचार के चलते देश आज इतना आगे बढ़ सका कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईश्वर सिंह ठाकुर,सतीश अग्रवाल गणेश सिंह ध्रुव आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, चंद्रशेखर चक्रधारी, नरेंद्र यदु, धनंजय तिवारी, नानू सोनी, ठाकुरराम साहू, वैभव केशरवानी, शैलेन्द्र अहिरवार सहित सभी कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# खदानें बंद, अब अवैध भंडारण की गई रेत का परिवहन शुरू, 5 हाईवा पकड़ाई, 6 गिट्टी से भरे वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग के राज्य एवं जिला उड़नदस्ता की टीम लगातार खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई कर रही है। इसके तहत जिलेभर की सभी रेत खदानों को बंद करा दिया गया है, जिसमें 6 वैध खदानें भी शामिल हैं। इन खदानों के बंद होने के बाद अब रेत माफिया ने अवैध रूप से भंडारण की गई रेत का परिवहन शुरू कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात को गश्त के दौरान उड़नदस्ता टीम ने रेत से भरे 5 हाईवा को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाते पकड़ा है। इन गाड़ियों को खरोरा तहसील क्षेत्र में पकड़ा है। खनिज विभाग के जिला अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए टीम लगातार दिन और रात में गश्त पर निकल रही है। जिला सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में निकली टीम 25 मई की रात में खरोरा और मंदिर हसौद क्षेत्र के निरीक्षण पर निकली थी। इस दौरान खरोरा क्षेत्र में रेत से भरे 5 हाईवा को पकड़ा गया। इन गाड़ियों के चालक से पूछताछ पर उनके पास कोई रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इसी प्रकार मंदिर हसौद क्षेत्र में गिट्टी से भरे 2 हाईवा गाड़ी को पकड़कर पूछताछ की गई। इन दोनों गाड़ी चालकों के पास भी रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इस तरह इन सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## टीम लगातार दिन और रात में गश्त पर निकल रही

### पिरदा जांच चौकी के पास 4 गाड़ी पकड़ाई

खनिज विभाग की टीम मंगलवार को भी निरीक्षण करने निकली थी। इस दौरान पिरदा जांच चौकी के पास गिट्टी से भरी चार गाड़ियों को पकड़ा गया। इनमें से किसी गाड़ी चालक के पास गिट्टी परिवहन करने की रायल्टी पर्ची नहीं थी। टीम ने इन चारों गाड़ियों को भी जब्ती बनाया है।


फाइल फोटो

### सख्त कार्रवाई की जा रही

*जिले में खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में अवैध परिवहन में संलिप्त 11 हाईवा को पकड़ा है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।*

*- राजेश मालवे, जिला अधिकारी खनिज विभाग रायपुर*

### जुर्माना पटाने वालों की खनिज विभाग के दफ्तर में लगी भीड़

रायपुर जिले में पिछले दिनों से हो रही लगातार कार्रवाई में जब्त की गई गाड़ियों को छुड़ाने तथा जुर्माना राशि पटाने के लिए उनके मालिकों की भीड़ कलेक्टोरेट स्थित खनिज विभाग के दफ्तर में लग रही है। मंगलवार को भी यह भीड़ लगी रही। हालांकि विभाग इस बार अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन मालिकों पर सख्ती अपना रहा है, ताकि अवैध परिवहन पर भी पूरी तरह से अंकुश लग सके। इसके लिए वाहन मालिकों को दोबारा गाड़ी पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी जा रही है।

### जुर्माना राशि लगाकर छोड़ी जा रही गाड़ियां

*जब्त की गई सभी गाड़ियों के मालिकों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। रेत से भरे हाईवा मालिक पर 28 हजार रुपए तथा गिट्टी से भरे हाईवा मालिक पर 33 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इस तरह दो दिन में कुल जब्त की गई 11 हाईवा मालिकों के खिलाफ कुल 3 लाख 38 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना राशि अदा करने के बाद ही गाड़ियों को छोड़ा जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### योग आयोग के अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के निधन पर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति की ओर से साईंनगर जोरा में मंगलवार को शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। शोकसभा में दिवंगत की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया और शोकाकुल परिजनों के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छगनलाल साहू, कार्यकारिणी के सदस्यों में सुरेश सोनी और छोटेलाल ठाकुर तथा आम नागरिकों में श्यामसुंदर राय, देवनारायण चंद्राकर, पुजारी तिवारी, गायत्री कुशवाह, अन्नू वर्मा एवं पूजा यादव आदि शामिल रहे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर लगेगा शिविर

**रायपुर।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में सोसायटी की सदस्यता एवं समाजसेवा गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस जरूरतमंदों की मदद का सशक्त माध्यम है, इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना जरूरी है। जून माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम, जुलाई में स्कूलों के जेआरसी विद्यार्थियों के लिए भव्य कार्यक्रम, प्रबंध समिति सदस्यों का प्राथमिक उपचार व सीपीआर प्रशिक्षण तथा विश्व रक्तदान दिवस पर जून में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, रेडक्रॉस चेयरमेन राजू शर्मा, सीएमएचओ सह सचिव डॉ. मिथिलेश चौधरी, वाईस चेयरमेन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी पाण्डेय सहित प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में सुबह नल खुलने के समय आधे घंटे बिजली गुल, जनता परेशान

# एक तरफ 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का वादा दूसरी तरफ नल के समय बिजली गुल

### अमृत मिशन में 400 करोड़, 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के नाम पर 130 करोड़ खर्च फिर भी टैंकर मुक्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी सरकार एक तरफ जहां राजधानी वासियों को शहर के 14 वार्डों में 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने का वादा कर रही है, दूसरी तरफ 4 जोन के 11 वार्डों में सुबह नल खुलने के समय आधा घंटा बिजली काट कर पानी पहुंचा रही है। इसके बाद भी शहर में पेयजल संकट की समस्या दूर नहीं हुई। भीषण गर्मी में सुबह के समय बिजली बंद करने को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान हैं।

दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में पेयजल की ठोस व्यवस्था उपलब्ध कराने के नाम पर 600 करोड़ रुपए अलग-अलग योजनाओं पर खर्च करने के बाद भी शहर के 11 वार्ड इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। खमतराई स्थित जोन क्रमांक 1, शंकर नगर स्थित जोन 3 और ईदगाह भाठा जोन 5 के अलावा भाठागांव के जोन 6 कमिश्नरी के वार्डों में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। तत्कालीन निगम आयुक्त विश्वदीप ने 20 दिन पूर्व शहर के 11 वार्डों की पेयजल समस्या प्रभावित इलाकों में जल संकट दूर करने नल खुलने के समय सुबह 6 बजकर 10 मिनट से 6 बजकर 40 तक विद्युत आपूर्ति बंद करने की अनुशंसा कर छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल 1 और सिटी सर्किल 2 को पत्र लिखा। निगम के अधिकारियों का बिजली बंद करने के पीछे तर्क ये रहा कि नलों से पानी का प्रेशर कम इसलिए कम आ रहा क्योंकि प्रभावित इलाके में अवैध रूप से लोग टूल्लू पंप लगाकर पानी खींच रहे हैं, इसलिए यह कदम कारगर साबित होगा।




### इन इलाकों में बिजली गुल, फिर भी पेयजल संकट

नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह बस्ती, भावना नगर तुलसी नगर, वृंदावन कालोनी, तुलसीनगर, पावर्ती नगर, श्रीराम नगर फेज 1, गायत्री नगर,न्यू सेल्स टैक्स कालोनी में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने बताया कि उनके वार्ड के जलसंकट प्रभावित इलाकों में सुबह के समय रोज आधा घंटा बिजली गुल रहती है इसके बाद भी मुश्किल से 10 फीसदी राहत मिल पाई, 90 फीसदी इलाकों में पानी का संकट अब भी बना हुआ है। नलों में पानी का प्रेशर ही नहीं आ रहा है। इसलिए लोगों की पेयजल व्यवस्था करने रोज किराए के पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है। नगर निगम ने सुबह नल खुलने के समय बिजली बंद करने का फार्मूला आजमाया पर उसका फायदा लोगों को नहीं मिल रहा। एक दो दिन में पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो वे वार्ड वासियों के साथ कलेक्टर के पास जाकर इसकी शिकायत करेंगे।

### भनपुरी में दो पानी टंकी फिर भी जलसंकट

जोन 1 क्षेत्र के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड में पेयजल समस्या से लोग त्रस्त हैं। भनपुरी में नगर निगम की दो पानी टंकी है, इसके बाद भी आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पानी का संकट बना है। बंजारी माता वार्ड के धनलक्ष्मी नगर, सेंधवारपारा, न्यू आनंद नगर, विजय नगर, बुनियाद पारा, केबिन पारा, रामेश्वर नगर में जलसंकट दूर करने रोज आधे घंटे बिजली बंद की जा रही है कभी कभी तो यहां 1 घंटे तक बिजली गुल हो रही है।

### तीन दिन बिजली गुल फिर भी असर नहीं

*वीर शिवाजी वार्ड पार्षद और जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू के मुताबिक खमतराई के शिवानंद नगर, ब्रम्हदेई पारा, साहू पारा इलाके में जल संकट बना हुआ है। इन इलाकों नल खुलने के समय शुरूआत में लगातार तीन दिनों तक सुबह के समय आधे घंटे तक बिजली बंद रहा। इसके बाद भी पानी की समस्या जस के तस है। इसलिए प्रभावित इलाके में पेयजल की व्यवस्था करने पानी टैंकर भेज रहे हैं। वार्ड पार्षद के मुताबिक वीर शिवाजी वार्ड के 3320 मकान में से 3000 मकान में टिल्लू पंप लगा हुआ है, जिसे निकालना आसान नहीं है। इसके साथ ही पानी की समस्या भक्त कर्मा माता वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में बनी हुई है। सांई सोसायटी, गणपत नगर, करन नगर, महादेव तालाब शासकीय स्कूल क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में पेयजल संकट दूर करने पानी टैंकर भेजा जा रहा है।*

# केएफसी में एसटीपी की व्यवस्था नहीं निगम ने किया सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के पचपेड़ी नाका स्थित केएफसी को गंदगी फैलाने और एसटीपी की व्यवस्था नहीं होने पर मंगलवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और जोन 10 की संयुक्त टीम ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर सीलबंद किया। इसी तरह देवपुरी के शराब भट्टी अहाता में गंदगी पाए जाने पर 1 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई।

टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 10 जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्ग निर्देशन में पचपेड़ी नाका क्षेत्र स्थित केएफसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां गंदगी पाए जाने और किचन का पाईप सीधे सार्वजनिक नाली मे जोड़े जाने की शिकायत सही पाई। इसके साथ ही केएफसी का कचरा और प्लास्टिक बाहर सार्वजनिक नाली में बहाने की शिकायत सही मिली। निगम द्वारा केएफसी को दी गई नोटिस का जवाब नहीं दिये जाने और एसटीपी की व्यवस्था नहीं किए जाने को लेकर संस्थान को नियम अनुसार सीलबंद करने की कार्रवाई स्थल पर की गई।

## डी-लिस्टिंग पर सियासत, बैज बोले- कानून बनाएं गुमराह न करें, केदार ने कहा- कांग्रेस भ्रम फैला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के डी-लिस्टिंग मामले में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी और उसके नेता आदिवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस को न आदिवासियों की चिंता है और न उनके अधिकारों की रक्षा से कोई लेना-देना। कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासी समाज के नाम पर केवल राजनीति की, उनका शोषण किया और उन्हें विकास से दूर रखा।उन्होंने कहा, आज जब देशभर का जनजातीय समाज अपने संवैधानिक अधिकारों और अस्मिता की रक्षा के लिए आवाज उठा रहा है, तब कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह वास्तविक आदिवासी समाज के अधिकारों के साथ है या उन लोगों के साथ जो आदिवासी सुविधाओं का अनुचित लाभ लेकर मूल वनवासी समाज के हिस्से को कमजोर कर रहे हैं।

### डी-लिस्टिंग मामले में भाजपा अवसरवादी राजनीति कर रही : बैज

वहीं डी-लिस्टिंग मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा अवसरवादी राजनीति कर रही है। देश व राज्य में भाजपा की सरकार है। संसद व विधानसभा में कानून बनाने का अधिकार इनके पास है, तो डी-लिस्टिंग मामले में कानून बनाने से क्यों डर रहे हैं? भाजपा आदिवासी नेताओं को बुलाकर भाषण देकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती है। डी-लिस्टिंग के मामले में आदिवासी समाज के पीड़ा से भाजपा को कोई लेना देना नही है। आदिवासियों के हितों की भाजपा को कोई चिंता नही है। यह जैसे धर्मांतरण के मामले में राजनीति करती है, वैसे ही डी-लिस्टिंग के मामले में राजनीति कर रहे है। भाजपा को लगता है कि डी-लिस्टिंग होना चाहिये, जो कानून बनाये, केवल गुमराह करने का काम नहीं करें।

## शराब की अवैध बिक्री, एक महिला सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित जिले में शराब की अवैध बिक्री जमकर हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत मंगलवार को भी अवैध शराब बिक्री के अलग-अलग प्रकरण में एक महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महिला सहित दो आरोपी टिकरापारा थाना क्षेत्र से पकड़े गए हैं, जिनके कब्जे से 60 पौवा देशी शराब जब्त की गई है, वहीं अन्य दो आरोपियों को आरंग के ग्राम अमेठी से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 116 पाव देशी शराब जब्त की गई है।



### आबकारी का छापा

इसी प्रकार आबकारी विभाग ने आरंग क्षेत्र के ग्राम अमेठी में दो जगहों पर छापा मारकर अवैध शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। इनमें एक चंद्रशेखर बंजारे के कब्जे से 74 पाव विदेशी व्हिस्की (जम्मू स्पेशल) एवं रितेश कुमार बांधे के कब्जे से 42 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया है। कार्रवाई टीम में एडीईओ टेक बहादुर कुर्रे, एएसआई नीलम स्वर्णकार, कांस्टेबल कृष्णकांत गढ़वाल, ऋत्विक खोबरागढ़े, राजेश कुमार, अमिताभ हमराह शामिल रहे।

### पुलिस ने दो जगह मारा छापा

टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने भाठापारा देवपुरी निवासी कल्याण सिंह जांगड़े 54 वर्ष के घर छापा मारा। इस दौरान उसके घर से 24 पौवा रोमियो एवं 14 पौवा शोले कुल 38 पौवा देशी शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 38 सौ रुपए है। इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में पानी टंकी के पास मठपुरैना निवासी हीना नेताम 25 वर्ष के ठिकाने पर दबिश दी गई। उसके घर से 14 पौवा शोले एवं 18 पौवा गोवा विस्की कुल 32 पौवा शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 3560 रुपए है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## प्रदेश के किसी एक नेता का राष्ट्रीय महामंत्री बनना तय माना जा रहा

# भाजपा को जल्द मिलेगा नया प्रदेश प्रभारी, नवीन की कार्यकारिणी में भी छत्तीसगढ़ को मिलेगी अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। जल्द ही प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलने वाला है। इसी के साथ नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी छत्तीसगढ़ को बहुत अहमियत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के किसी एक नेता को महामंत्री का पद मिलना लगभग तय है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी तय करने की कवायद चल रही है। जल्द ही इसका ऐलान होगा। वैसे भी छत्तीसगढ़ को हमेशा से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्व मिलता है। एक बार सरोज पांडेय महामंत्री रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के कई नेताओं को बंगाल, असम के चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी। छत्तीसगढ़ के नेताओं ने वहां पर कमाल भी किया है। अब ऐसे नेताओं को उनकी मेहनत का इनाम देने की तैयारी है।



### नए चेहरों को मिलेगा मौका

श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। प्रदेश के कई नेता श्री नवीन के करीबी हैं। बंगाल चुनाव में जहां एक तरफ प्रदेश के कई नेताओं को कमान दी गई थी, वहीं प्रदेश के सौरभ सिंह और राम गर्ग को नितिन नवीन की टीम में स्थान मिला था। डिप्टी सीएम विजय शर्मा को तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सभी कार्यक्रमों की कमान भी दी गई थी। यह इस बात का सबूत है कि प्रदेश के नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में कितनी अहमियत दी जाती है। अब देखना होगा कि श्री नवीन की टीम में किनको मौका दिया जाता है।

### सरोज रही हैं महामंत्री

सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महामंत्री रही हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रही हैं। करुणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां



अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। इस समय धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं। अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### पाइप चोर गिरोह...

देखा कि सड़क किनारे रखे लोहे के भारी-भरकम डीआई पाइपों को आरोपी विश्वनाथ ध्रुव और उसके साथी एक हाइड्रा क्रेन क्र. सीजी 04 एनएक्स 4257 की मदद से माजदा वाहन क्र. सीजी 22 एई 6936 में लोड कर भाग रहे थे। आरोपियों ने कुल 26 नग पाइप गाड़ी में चढ़ा लिए थे। पुलिस ने इस मामले में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत विश्वनाथ ध्रुव 24 वर्ष- निवासी ग्राम केसला थाना पलारी, विकास ध्रुव 19 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा थाना सिटी कोतवाली, समीर दास मानिकपुरी 21 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुर, और गोवर्धन साहू 42 वर्ष निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया है, जिसमें लोहे के 26 नग डीआई पाइप कीमत 2,60,000, माजदा वाहन क्र. सीजी 22 एई 6936 कीमत 16,00,000, हाइड्रा क्रेन क्र. सीजी 04 एनएक्स 4257 कीमत 45,00,000 लाख कुल जब्ती 63,60,000 रुपए आंकी गई है।

### मयूर शिशु मंदिर ने नपा...

उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष विजय मल की उपस्थिति रही। इन पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष के साथ नगर विकास एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सामाजिक भूमिका पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा - समाज और संस्थाओं की सकारात्मक भागीदारी से ही विकास कार्यों को नई गति मिलती है। मयूर शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए वर्षों से लंबित कर राशि का भुगतान किया जाना अत्यंत सराहनीय है। ऐसे प्रयास अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेंगे और जनहित के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

### बलौदाबाजार में कार से...

लेने पर पुलिस को अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाई जा रही 50 पाव देशी मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 5,000 बताई जा रही है। पुलिस ने शराब और अवैध परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को तत्काल जब्त कर लिया। इस मामले में कुल जब्ती और आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने मौके से शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपी राहुल मिरी 26 वर्ष निवासी ग्राम साराडीह थाना सुहेला, कुशल ध्रुव 23 वर्ष निवासी ग्राम साराडीह थाना सुहेला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना सुहेला में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### आदर्श शहर समृद्धि योजना ...

जाने संभाग स्तरीय समिति का कभी गठन किया गया है, जिसमें शासन स्तर पर कार्यों की देखरेख हेतु संयुक्त संचालक- अध्यक्ष होंगे। दो कार्यपालन अभियंता - सदस्य, सहायक अभियंता- सदस्य एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सदस्य सह-सचिव का दायित्व निर्वहन करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने नगर में होने वाले विकास कार्य सहित आदर्श नगर समृद्धि योजना में आम जनता के हितों के अनुरूप अधिक से अधिक विकास के कार्य कराए जाएंगे जिसमें जन सामान्य को पूर्ण रूप से इस योजना का लाभ मिल सकेगा व नगर बलौदाबाजार का उत्तरोत्तर विकास होगा व विकास कार्यों में अग्रणी रहे गया। आदर्श शहर समृद्धि योजना अंतर्गत नगर बलौदा बाजार को प्रथमिकता के साथ शामिल कर प्रथम चरण के कार्य पर नगरीय निकाय बलौदाबाजार का नाम होने पर कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा के सहयोग एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया। नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, प्रिया शशिभूषण शुक्ला, आदित्य गुप्ता, मनोज कांत पुरैना, कन्हैया सेन, सहित पार्षद गण अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, सतीश पटेल, गौतम सिंह चौहान, सुरेश घृतलहरे,चन्द्र शेखर गुप्ता, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, ममता सुभाष राव ने हर्ष व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### दो स्थानों पर सोलर हाईमास्ट लगाने किया भूमिपूजन



**पलारी।** नगर पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं बेहतर प्रकाश व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर के गांधी चौक और तारण चौक पर सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं पार्षदगणों द्वारा किया गया।
नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था मजबूत होगी तथा आम नागरिकों, राहगीरों एवं आसपास के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही रात के समय सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सभापति लेखु वर्मा, कुमार धीवर, पार्षद डोमार वर्मा, देवेंद्र बंटी वर्मा, नूतन सेन, गोपाल सेन, संतराम वर्मा, गरीब यादव अंकित जोशी आदि उपस्थित थे।

### जास्मिन ने कराते और कुमिते में जीते दो गोल्ड मेडल




**खरोरा।** देहरादून में 10 मई को आयोजित नेशनल कराते चैंपियनशिप टूर्नामेंट में भारत से आए प्रतिभागियों के बीच ग्राम छड़िया की छात्रा जास्मिन कोशले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कराते एवं कुमिते दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। जास्मिन पिता धन्नु कोशले की पुत्री एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी की छात्रा हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से ग्राम छड़िया, विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे तथा ग्राम पंचायत छड़िया की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। जास्मिन की सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. पी. दास, विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार कोशले तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

### पंचायतों को मिलेगा और अधिक सशक्त आधार

**खरोरा।** पंचायतों के सशक्तिकरण एवं प्रभावी संचालन को लेकर जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित मांग पत्र पर सकारात्मक पहल सामने आई है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी नवीन आदेश में गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व राशि के पंचायतों के मध्य वितरण एवं उपयोग को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायतों को अधिक सशक्त आधार मिलेगा। ज्ञात हो कि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने अपने मांग पत्र में जिला गौण खनिज निधि के वितरण में जिला पंचायत को समुचित भागीदारी देने तथा जिला पंचायत के लिए नवीन भवन एवं डीपीआरसी भवन संसाधन केंद्र की स्वीकृति की मांग रखी थी। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व की राशि का वितरण ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायतों के मध्य निर्धारित अनुपात में किया जाएगा, जिसमें जिला पंचायत को भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

# स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता के लिए किया नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं स्वच्छता महाअभियान के संदेश प्रसारित किए जाने नगर के प्रमुख चौक- चौराहों मे नगर पालिका के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

आयोजन के प्रति नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन व पार्षद गणों ने नगर वासियों को शासन के द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप स्वच्छता अपनाने की अपील की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के दिशा निर्देश पर स्वछता नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोग स्वछता के प्रति जागरूक रहें तभी आयोजन का उद्देश्य पूर्ण होगा।







आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को गीला - सूखा कचरा को अलग अलग रखने , सेनेटरी एवं घरेलु हानिकारक (4 बिन) कचरा अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने व कचरा ना जलाने सहित पॉलीथिन की जगह कपड़े व जूट का थैला उपयोग करने, स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ मानव जीवन की पहचान है, तथा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने हेतु अपील कि गयी।

### त्रुटिरहित आडिट होना शिक्षकों के भविष्य के लिए बेहद अनिवार्य

# ब्लॉक में विशेष कैम्प लगाकर शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का करें संधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने प्रदेश के लगभग 1.20 लाख एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के आडिट से जुड़ी लंबित समस्याओं को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक और कोषलेखा व पेंशन संचालक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रदेश के सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कैम्प लगाकर शिक्षकों के सेवा पुस्तिका का संधारण किया जाए, जिससे शिक्षकों को परेशानी न हो। सेवा पुस्तिका का समय समय पर त्रुटिरहित आडिट होना शिक्षकों के भविष्य के लिए बेहद अनिवार्य है। संविलियन पूर्व की सेवा की गणना समयमान वेतनमान पदोन्नति समतुल्य वेतनमान सातवां वेतनमान और आगामी समय में सेवानिवृत्त को देखते हुए यह प्रक्रिया जल्द पूरी की जानी चाहिए।अभी जो सिस्टम है, उसमें डीडीओ द्वारा सेवा पुस्तिका को कोषलेखा एवं पेंशन के संभागीय कार्यालय ले जाकर तथा कुछ जिलों में स्वयं शिक्षक द्वारा ले जाकर आडिट कराया जाता है। सेवा पुस्तिका के समयबद्ध आडिट और सत्यापन के लिए शिक्षकों को अवांछित वित्तीय भार का सामना करना पड़ता है। अक्सर यह देखा गया है कि आडिट कार्य को गति देने के लिए शिक्षकों से आर्थिक सहयोग या अनुचित साधनों अपेक्षा की जाती है। सेवा पुस्तिका आडिट को पूर्णतः निशुल्क और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि शिक्षकों को किसी प्रकार से आर्थिक मानसिक तनाव न झेलना पड़े। सेवा पुस्तिका का आडिट नहीं होने से वर्तमान में अनेकों शिक्षकों के एरियर भुगतान और सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के पेंशन निर्धारण के मामले अटके हुए हैं इससे शिक्षकों में भारी आक्रोश और चिंता है। अतः इस ज्वलंत मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, महासचिव तेज कुमार वैष्णव, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे,जिला सचिव चूड़ामणि साहू, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, प्रदीप कैवर्त, राजेन्द्र कश्यप, दीपक सारंग, महेंद्र वैष्णव, बुद्धेश्वर ध्रुव, महेन्द्र साहू, रामदयाल साहू आदि ने शासन से शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा निर्देश जारी किये जाने की मांग किए हैं ताकि अविलंब त्रुटिरहित सेवापुस्तिका का सत्यापन हो सके ।




# पेट्रोल-डीजल संकट से खेती-किसानी प्रभावित

**गोपालपुर।** क्षेत्र के लगभग 98 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित है। इनका मुख्य कार्य कृषि कर जीविकोपार्जन करना जिसका खून पसीने की मेहनत को हम सब लोग खा रहे हैं। जब ये लोग मेहनत नहीं करेंगे तो हम सब लोग भूखे रह जाएंगे और आज के कृषि कार्य रासायनिक एवं मशीनरी पर निर्भर है। जैसे खाद कीटनाशक दवाएं, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थेसर पंखा ये सभी चीजें पेट्रोल, डीजल बगैर नहीं चल सकता है। लेकिन ये सभी समान वर्तमान समय पर नहीं मिल पा रहा है। यदि मिल भी रहा है तो कीमत आसमान छू रहा है, जिससे किसानों में परेशानी देखने को मिल रही है।

एक तरफ सरकार किसानों के आय को दुगुना करने का वचनबद्ध है, लेकिन दुसरी तरफ आवश्यकता अनुसार सुविधा नहीं मिल पा रही है। ज्ञात हो कि अभी परम्परागत ढंग से एवं जैविक खाद के माध्यम से फसल ज्यादा उत्पादन नहीं किया जा सकता है। क्योंकि किसानों ने पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद डालकर फसल उत्पादन करने का आदत बना चुके हैं। यदि इस तरीके को नहीं अपनाएंगे तो फसल उत्पादन कम होगा। इससे इन लोगों को आर्थिक नुकसान ज्यादा होने की संभावना है। वर्तमान समय में सभी जगह सभी लोगों ने मवेशी पालना छोड़ दिए हैं, तो कम्पोस्ट खाद कहा मिल पाएगा? ये भी एक कारण है। न कि बैल भैंस से हल से जोताई नहीं कर पाएंगे। क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। इन सब कारणों से फसल उत्पादन कम होने की संभावना है। सरकार यदि चाहती तो क्षेत्र में महानदी के पानी को सिंचाई के लिए व्यवस्था कर सकती थी, लेकिन ये भी काम नही हो पाया अनेक बार किसानों ने महानदी के पानी के आवाज उठाई और किसानों के सपने पुरा नहीं हो पाया। टेकलाल साहू, नारायण प्रसाद साहू, भागवत साहू, सेवक साहू, फिरतू यादव किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि अब खेती किसानी करने का समय आ गया है और किसानों को आवश्यकतानुसार डीजल एवं पेट्रोल नहीं मिल रहा है, तो किसानी काम को कैसे आगे बढ़ा पाएंगे? और आवश्यकता अनुसार रासायनिक खाद नहीं मिल पा रहा,न कहीं कम्पोस्ट खाद नहीं मिल पा रहा है न आवश्यकता अनुसार सिंचाई के लिए पानी व्यवस्था नहीं है तो फसल पर्याप्त मात्रा कहा मिल पाएगा जिससे किसानों को बहुत आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। अतः क्षेत्र के किसानों ने रासायनिक खाद को पर्याप्त मात्रा में देने एवं आसानी से डीजल उपलब्ध कराने व सिंचाई के लिए पानी व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# भाजपा हथबंद नवापारा मंडल में विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष मनोनीत, कार्यकारिणी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

भाजपा हथबंद-नवापारा मंडल में विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित पदाधिकारियों को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।



घोषित पदाधिकारियों में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निकेश देवांगन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विद्या वर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्याण ध्रुव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र यादव एवं किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चुरावन वर्मा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र एवं समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई गई।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जीवन साहू, धन्ना धनेश्वर निषाद, धनेश्वरी वर्मा, लिली वर्मा, हरिश वैष्णव, रामकुमार साहू, धनीराम रजक, राजकिरण, बबलू पटेल, नरेश अनंत, प्रकाश पाल, राजेश प्रजापति, संतराम ध्रुव, मूलचंद टंडन, रूपचंद पाटिल, जितेन साहू, ठाकेश चतुरे, मोनू समुद्र, दिनेश वर्मा, कविता वर्मा, नोहर पाल, शंकर ध्रुव, गज्जू यादव, ओमप्रकाश वर्मा एवं दुलेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बकरीद से पहले थाना क्षेत्रों में चला चेकिंग अभियान




**बलौदाबाजार।** ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि आमजन सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मना सकें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना/चौकी या डायल-112 पर दें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिलेवासियों को ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

# किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

किसानों को खाद एवं बीज की संपूर्ण एवं निर्बाध आपूर्ति के लिए भारतीय किसान संघ तहसील पलारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में आए संकट को भारतीय किसान संघ गंभीरता से समझ रहा है। संकट की इस घड़ी में किसान भी देश के साथ खड़ा है। अन्नदाता होने के कारण सबका पेट भरने का दायित्व किसान का है, परंतु फसल उगाने के लिए जिन कृषि आदानों की आवश्यकता होती है, वह तो लगना ही है। खाद की व्यवस्था सरकारें ही करती है यदि खाद की व्यवस्था में कमी होगी तो निश्चित ही फसल पर इसका प्रभाव पड़ेगा और देखें तो किसान की आजीविका कृषि पर ही निर्भर है, यदि उत्पादन कम होता है तो किसान की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा।भारतीय किसान संघ लगातार खाद की कालाबाज़ारी के विरोध में सरकार को चेताता रहा है, और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने कभी इसे रोकने के ठोस प्रयास नहीं किये हैं।



नैनो उर्वरकों के प्रयोग की सही जानकारी का अभाव एवं इन उर्वरकों की वर्षा के प्रति अतिसंवेदनशीलता को देखते हुये, इन उर्वरकों के प्रयोग में विफलता की संभावना बढ़ जाती है। अतः प्रति किसान दिये जाने वाले नैनो डीएपी एवं नैनो युरिया की कीमत घटाकर मात्रा को दुगना किया जाए।

किसानों को कृषि कार्य के लिये डीजल, कंटेनर जेरीकैन में भी दिया जाय। गुणवत्तापूर्ण बीजों का भंडारण समितियों में करवाया जाए। हरी खाद के लिए बेचा, सन, मूंग आदि के बीजों को सस्ती दर में उपलब्ध किया जाए।

इस दौरान भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष विकास वर्मा ,स्वदीप वर्मा , खोरबहरा चंद्राकर ,भगवती वर्मा, रामनारायण वर्मा, अरुण मानिकपुरी, दिलीप ध्रुव,दिनेश वर्मा, राकेश वर्मा, पन्नालाल वर्मा, बुद्देलाल कुर्रे, कृष्णा सोनी, टीकाराम यादव, भाउ सिंह फेकर आदि उपस्थित थे।

# 62 लाख 95 हजार रुपए में होगा मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में विकास कार्यों के क्रम में वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार व निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। मुक्तिधाम में विकास कार्यों के लिए नगर पालिका द्वारा कार्य योजना तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया था, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मुक्तिधाम में विकास कार्य कराए जाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा से चर्चा कर आवश्यक मांगे रखी गई थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए कार्य हेतु राशि उपलब्ध कराई गई ।



■ मांग अनुरूप मुक्तिधाम के उन्नयन के कार्य से नगर वासियों को मिलेगी सुविधा

राज्य प्रवर्तित योजना मद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य हेतु 62.95 लाख की स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ किए जाने निर्देशित किया गया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुक्ति धाम के उन्नयन कार्य हेतु प्राप्त राशि से विकास के कार्य निष्पादित किया जाना है, यह मांग पूर्ण किए जाने पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव जी व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी के मिले सहयोग के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं वार्ड पार्षद सलमान शेख सहित नगर पालिका के सभी पार्षद गणों ने हृदय से धन्यवाद वह आभार व्यक्त किया है।

मोक्ष धाम में व्याप्त कमी को देखते हुए समय-समय पर विकास कार्य कराए जाने की आवश्यकता नगर वासियों एवम वार्ड वासियों के द्वारा मुक्ति धाम में कमी महसूस की जाती रही है, जिसे संज्ञान में लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उन्नयन कार्य कराए जाने मुक्तिधाम कार्य योजना प्रस्तावित किया गया था, मुक्तिधाम के उन्नयन हेतु कराए जाने वाले कार्यों में मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण कार्य के साथ, पौधा रोपण (पाम ट्री) पेयजल हेतु बोर्ड खनन, दरवाजे,पेवर ब्लॉक, कंपाउंड वॉल (दीवार) प्रतीक्षालय, प्रसाधन, शौचालय, म्यूरल आर्ट (सीमेंट कला) प्रकाश व्यवस्था, कचरा संग्रहण हेतु डस्टबिन व बैठेने की व्यवस्था हेतु कुर्सी लगाई जाएगी।

# सर्व यादव समाज का महा आयोजन 8 जून को

**पलारी।** सर्व यादव समाज पलारी द्वारा आगामी 8 जून को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में सर्व यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून को सर्व यादव समाज भवन का भव्य लोकार्पण किया जाएगा, साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।



इस कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है। शिक्षा मंत्री ने समाज के कार्यों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया। मंत्री के आश्वासन के बाद समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल भवन लोकार्पण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज की प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। समाज के लोगों का मानना है कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर युवा प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु प्रदेश संगठन मंत्री प्रशांत यादव युवा यादव ब्लाक अध्यक्ष गौतम, सरपंच रसौटा गजपति यादव, सरपंच गाडाभाटा नीलकंठ यादव, पार्षद लखन यादव, आजूराम यादव, हरिकीर्तन यादव, भूमेश धेनुसेवक, दुर्गेश यादव, आकाश यादव आदि उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### द ग्रेट भांडेकर डिजिटल बीमा सेवा केंद्र का पुनः प्रारम्भ



**भाटापारा।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ युवा बीमा अभिकर्ता अमित कुमार ने एक बार फिर द ग्रेट भांडेकर डिजिटल बीमा सेवा केंद्र का पुनः प्रारम्भ किया है। लगातार तीन बार शतकवीर बनने का गौरव प्राप्त कर चुके अमित कुमार की इस नई पहल से क्षेत्र के पॉलिसी धारकों एवं ग्राहकों में खुशी का माहौल है। अमित कुमार लंबे समय से एलआईसी के माध्यम से लोगों को आर्थिक सुरक्षा, बचत और भविष्य की मजबूती का भरोसा दिलाते आ रहे हैं। द ग्रेट भांडेकर डिजिटल बीमा सेवा केंद्र के पुनः प्रारम्भ होने के बाद अब लोगों को बीमा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं बेहतर और आसान तरीके से उपलब्ध हो सकेंगी। केंद्र के माध्यम से नए बीमा की संपूर्ण जानकारी, नई पॉलिसी प्रारंभ करना, बीमा क्लेम की प्रक्रिया, पॉलिसी पर लोन, बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य सुरक्षा योजनाएं, पेंशन प्लान, निवेश आधारित योजनाएं तथा परिवार सुरक्षा से जुड़े सभी प्रकार के बीमा विकल्पों की जानकारी दी जाएगी।

### ईद पर्व के पहले थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**हथबंद।** पुलिस थाना हथबंद में 28 मई को मुसलमानों के त्योहार बकरीद के संदर्भ में थाना प्रभारी गोकुल पटेल द्वारा अंचल जन प्रतिनिधियों मुस्लिम समाज के लोगों की शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मुस्लिम समाज के संरक्षक मुबारक हुसैन ने बताया कि जामा मस्जिद हथबंद में बकरीद की नमाज अदा की जायेगी। नमाज के बाद धोधा में स्थित कब्रिस्तान में जाकर स्वर्गीय आत्माओं के लिए दुआ मांगी जायेगी। मस्जिद के मौलाना एहसान आलम ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि इस्लाम में आपसी भाईचारा और प्रेम सद्भाव से समाज से एक दूसरे से मिल जुलकर रहने का संदेश दिया गया है। शांति समिति के बैठक में समाज के इनायत खान, मुबारक हुसैन, मौलाना एहसान आलम, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत जनपद सदस्य प्रतिनिधि ऋषि कांत बबलू पटेल, विप्र समाज के अध्यक्ष संतोष दीवान, सांसद प्रतिनिधि संजय वर्मा, सहकारी समिति के अध्यक्ष धन्ना निषाद, धोधा सरपंच विश्वनाथ साहू, मोदी विचार मंच के गोपी साहू, थाना के स्टाफ, अंचल के पत्रकार और जन प्रतिनिधि मौजूद थे। थाना प्रभारी ने सभी समाज के लोगों से आपसी भाईचारा और प्रेम से बकरीद को मनाने की अपील की।

### करदा में मोर गांव मोर पानी तरिया महाभियान



**बगबुडा।** ग्राम करदा में मोर गांव मोर पानी मोर तरिया महाभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नया तरिया, डबरी खुदाई सोख्ता गड्ढा और जल संचयन जैसे कार्य किए जा रहे हैं। रोजगार गारंटी के तहत भु जल स्तर को बढ़ाना किसानों को सिंचाई सुविधा देना और निस्तारी जल की समस्या का स्थाई समाधान होता है। मनरेगा के तहत किसानों को मछली पालन रोजगार मिलता है। जल संरचनाओं का निर्माण करके वर्षा जल को व्यर्थ होने से बचाया जा रहा है। मनरेगा के तहत जनता को रोजगार मिलता है। ग्राम करदा में 13 वार्ड है 1 से 7 वार्ड सोलहा तरिया में 8, 11, 12, 13 वार्ड, छोटे बांधा और बड़े बांधा के बीच नहर में 9 ,10 वार्ड दुसरा नहर में रोजगार गारंटी चल रहा है। गांव के जनता अपने अपने घरों के आंगन में सोखता गड्ढा बनाया जा रहा है जिसमें गांव के समस्तगण उपस्थित थे।

### युवा प्रकोष्ट छत्तीसगढ़ ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** गड़रिया धनगर समाज की आराध्य लोकमाता अहिल्या देवी की 301वीं जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने रायपुर जिले में शराब दुकान, मांस-मटन दुकान बंद करने के लिए महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा।

# कृषि विभाग ने तेज की निरीक्षण की कार्रवाई, 8 केंद्रों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा चौकसी बढ़ा दी गई है। विभिन्न विकासखंडो में संचालित कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पर 8 कृषि केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा मनीष कृषि केंद्र टुन्ड्रा निरीक्षण किया गया जहाँ उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया था, जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड भाटापारा के

## उर्वरक निरीक्षक उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाड़ा भाटापारा का निरीक्षण



### नियमानुसार कार्यवाही निर्देशित

बिटकुली समिति अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखण्ड बलौदाबाजार के लक्ष्मी ट्रेडर्स, संतोष कु अग्रवाल एंड कम्पनी तथा ज्योति कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ज्योति कृषि केंद्र में अभिलेखों का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड सिमगा के निरीक्षक जयनेन्द्र कंवर द्वारा सोनकर कृषि केंद्र, एवं भागवत कृषि केंद्र सिमगा का निरीक्षण किया गया। उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया था तथा स्कंध पंजी का उचित संधारण न होने के कारण दोनों केंद्रों को बताओ नोटिस जारी किया गया है। उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने जिले के समस्त निरीक्षकों को विकासखण्ड स्तर पर संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण हेतु करने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया हैं।

उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाड़ा भाटापारा का निरीक्षण किया गया। विकासखंड पलारी के निरीक्षक श सुचिन कुमार वर्मा द्वारा बघेल कृषि सेवा केंद्र, पलारी, एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, पलारी का निरीक्षण किया गया, जहाँ उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया था, कृषि सेवा केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया जहाँ की स्कंध पंजी अद्यतन नहीं था उक्त कारण से तीनों केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान के द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, दशरमा, सकरी, सुढेला, बिटकुली का निरीक्षण किया गया।

## लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान के कारण हर साल गर्मी का असर अधिक

# नौतपा का कहर: 45 डिग्री तापमान से तपा बलौदाबाजार शहर में कर्फ्यू जैसे हालात, व्यापार व्यवसाय भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नौतपा के दौरान भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बुधवार को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दोपहर 3 से 4 बजे के बीच गर्मी का एहसास 46 डिग्री के बराबर महसूस किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और कई प्रमुख मार्गों पर कर्फ्यू जैसे हालात दिखाई दिए। शाम तक आसमान में बादल छा गए लेकिन उमस काफी बढ़ गई।

उत्तर-पश्चिमी इलाकों से आ रही गर्म हवाएं सीधे मध्य भारत और छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं, जिससे तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम पूरी तरह साफ होने और किसी भी मौसमी हलचल जैसे पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय नहीं होने के कारण सूर्य की किरणें सीधे जमीन पर पड़ रही हैं, जिससे गर्मी और अधिक तीव्र हो गई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान के कारण हर वर्ष गर्मियों का असर अधिक गहरा और लंबा होता जा रहा है। वहीं प्री-मानसून बारिश और आंधी नहीं होने से जमीन की नमी खत्म हो चुकी है और वातावरण पूरी तरह शुष्क हो गया है।

भीषण गर्मी का असर शहर के सबसे व्यस्तम इलाकों में साफ नजर आया। आम दिनों में लोगों की भीड़ से गुलजार रहने वाले अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, गार्डन चौक और गौरव पथ जैसे प्रमुख मार्गों पर इक्का-दुक्का लोग ही जरूरी कामों से निकलते दिखाई दिए। दोपहर के समय अधिकांश सड़कें सुनसान रहीं और लोग घरों में ही रहने को मजबूर नजर आए। गर्मी के कारण बाजारों में भी कारोबार प्रभावित हुआ है। तेज धूप और लू के चलते लोग सुबह और शाम के समय ही घरों से निकल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है।



बस स्टैंड में दोपहर 3 बजे हालात



बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग में दोपहर 3 बजे हालात



अंबेडकर चौक में दोपहर 3 बजे कर्फ्यू जैसे हालात

### होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय प्रभावित

किराना व्यवसायी आशीष केसरवानी ने बताया कि गर्मी के दिनों में व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। गांवों से आने वाले ग्राहक भी कम हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आधे से ज्यादा ग्राहक काम की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं और जो लोग गांवों में हैं वे वहीं से जरूरत का सामान लेकर गुजारा कर रहे हैं। वहीं कमर्शियल गैस और जरीकेन में डीजल नहीं मिलने से डीजल भट्टी का उपयोग नहीं कर पा रहे है। होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है जिससे किराना दुकानों की बिक्री पर दोहरी मार पड़ रही है। होटल और रेस्टोरेंट संचालक किराना का सामान नहीं के बराबर ले जा रहे है। वहीं कपड़ा व्यवसायी जिमी सलूजा ने बताया कि भीषण गर्मी और ऑनलाइन शॉपिंग के कारण कपड़ा बाजार पूरी तरह मंदा पड़ा हुआ है। ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच रहे हैं जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस दौर में कपड़ा व्यवसाय लगभग ठप हो चुका है। ऑनलाइन शॉपिंग और गर्मी का कपड़ा व्यवसाय में दोहरी मार पड़ रही है।

# गर्मी में बिजली कर्मचारियों का सहयोग करें उपभोक्क्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारां

प्रदेश में भीषण तपती गर्मी के साथ शहर का तापमान 44 सेंटीग्रेड के पार जा चुका है और रात में भी गर्म हवाओं के साथ लगभग तापमान 30 सेन्ट्रीग्रेड के आसपास हैं। इसके चलते इस असहनीय माहौल में हर कोई अपने घरों में एसी और कूलर के सहारे राहत ढूंढ रहा है। वहीं बिजली की मांग भी इतिहास के पन्ने में शायद दर्ज होकर सारे रिकॉर्ड तोड़कर 7,000 मेगावाट के पार जा चुकी है, लेकिन इस संकट के बीच भी विद्युत विभाग अपना कार्य ईमानदारी से करते हुए आम उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से देने में सफल हो रहा है। इसके बावजूद भी इस तपती गर्मी के चलते मशीन ट्रांसफार्मर भी थक से गए हैं, क्योंकि उसकी भी एक समय सीमा है। 44 डिग्री की झुलसाती धूप में ये ट्रांसफॉर्मर और केबल बिना रुके, लगातार सुलग रहे हैं। जब क्षमता से अधिक लोड पड़ता है, तो ये मशीनें भी 'हांफने' लगती हैं और आखिरकार दम तोड़ देती हैं। यह समस्या किसी एक मोहल्ले या शहर की नहीं है, बल्कि इस रिकॉर्ड-तोड़ गर्मी में पूरे देश की है। पूरा प्रदेश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और हर कोई ठंडकता चाहता है। ऐसे में अपने क्षेत्र के लोगों से अपील है कि चोरी छिपे या बिना लोड बढ़वाए भारी उपकरण न चलाएं, क्योंकि आपका एक गलत कदम पूरे मोहल्ले को अंधेरे में धकेल सकता है।

### बिजली कर्मियों का सहयोग करें

वक्त कठिन है, मौसम बेदर्द है, लेकिन हमारा आपसी तालमेल और धैर्य इस जंग को आसान बना सकता है। बिजली कर्मियों के हौसले को बनाए रख उनका सहयोग करें।

**वी के राठिया,** कार्यपालन अभियंता भाटापारा



# मोहरा समिति में किसानों को खाद का वितरण किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन

भटभेरा शाखा अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोहरा में किसानों को शासन के नियमों के अनुसार खाद का वितरण किया जा रहा है। समिति में किसानों को यूरिया, डीएपी, नैनो यूरिया एवं पोटाश खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। खरीफ सीजन को देखते हुए बड़ी संख्या में किसान समिति पहुंचकर खाद प्राप्त कर रहे हैं। समिति प्रबंधक दीनबंधु यादव ने बताया कि किसानों को निर्धारित दर एवं शासन की गाइडलाइन के अनुसार खाद वितरण किया जा रहा है। खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में देवदत्त वर्मा, लेखराम वर्मा, खुबीराम नेताम, दानी यदु, देवेंद्र वर्मा, राजू साहू एवं अमरचंद का विशेष सहयोग मिल रहा है। वहीं किसान शिव कटारिया, कार्तिक राम वर्मा, रतिराम वर्मा, रंजीत वर्मा सहित अन्य किसानों ने समिति में समय पर खाद वितरण को राहत भरा बताया। किसानों का कहना है कि समय पर खाद मिलने से खेती-किसानी के कार्य में सुविधा होगी।

# जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार आगामी मानसून में जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण के तहत जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला बाढ़ नियंत्रण का दूरभाष क्रमांक 07727-222454 है जो संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 7 में 1 जून से 24 घंटे संचालित रहेगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला स्तरीय समिति गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने तहसील जल संसाधन एवं कृषि विभाग द्वारा स्थापित सभी वर्षामापी यंत्र को दुरुस्त करने तथा प्रतिदिन की जानकारी प्रातः 8 बजे तक भू अभिलेख शाखा में उपलब्ध कराने,राहत शिविरों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करने के निर्देश दिए है।

बाढ़ नियंत्रण क्रक्ष में तीन पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जिला स्तरीय समिति में नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी सुरेश देवांगन, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष मो. 94791-90629, जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष 81099-57485 एवं जिला सेनानी नगर सेना नियंत्रण कक्ष 72229-20390 है।

कलेक्टर शर्मा ने खाद्य अधिकारी को राहत शिविरों में खाद्यान्न की आपूर्ति,लोक निर्माण विभाग को मानसून के पूर्व सड़क, पुलिया निर्माण, पशुपालन विभाग को पशुधन में किसी भी प्रकार संक्रामक रोग ना हो इसके लिए पूर्व तैयारी, कृषि विभाग को अतिरिक्त बीज संग्रहण, फसल बीमा की लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाने,जिला सेनानी को मोटर बोट व तेरा नगरीय निकाय में सभी नाले एवं नालियों की सफाई बरसात पूर्व सुनिश्चित करने कहा है। स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों से सम्बंधित दवाइयों की उपलब्धता कराने, पीएचई को स्वच्छ पेयजल एवं जलसंसाधन विभाग को अन्य जिलों से नदी में पानी छोड़ने के 12 घन्टें पूर्व सूचना उपलब्ध कराने, साथ ही नदी के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही अन्य सम्बंधित विभागों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रत्येक सोमवार को गुरु घासीदास जैतखाम पर होगी संध्या आरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बगबुड़ा

■ सामाजिक सदस्यों ने कहा - धर्म परिवर्तन को रोकने किया जाएगा सकारात्मक प्रयास

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे हैं, संगठन विस्तार एवं सामाजिक रीति नीति में परिवर्तन तथा प्रत्येक सोमवार को बाबा गुरु घासीदास के जैतखाम में संध्या आरती का आयोजन किया गया। गांव-गांव में ग्र ा मी ण कमेटियों का गठन करके सा मा जि क रीतिनीति में 15 बिंदुओं पर प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में पारित प्रस्ताव को गांव-गांव तक लागू करने के लिए प्रदेश भर में बैठक का दौरा चल रहा है। इसी कड़ी में लवन ब्लॉक के प्रमुख ग्राम कोहरौद में सोमवार को संध्या आरती कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गणेश बघेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, जिला सचिव सुशील बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र डहरिया, जिला कोषाध्यक्ष लेखराम गनहरे, नरोत्तम बघेल के आतिथ्य में ग्राम कोहरौद के समाज प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के ग्राम कोहरौद में अतिथियों के पहुंचने पर गुरुद्वारा गुरु घासीदास मंदिर में सामूहिक रूप से संध्या आरती की गई, जहां पर अनवरत गुरु घासीदास मंदिर मेंअखंड सतनाम ज्योति जल रहा है में पूजा अर्चना करके क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि तथा सामाजिक एकता के लिए कामनाएं किए।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से के माथुर रूपेण क्यूट आत्मा दास बंदे राधेश्याम मारकंडे कलश महिलांगे मनोज मारकंडे उपसरपंच धनऊ खांडे, घनश्याम बंजारे, प्रदुम्न रात्रें धना घृतलहरे, उमेंद्र पुरेना, शांति बंजारे, बेला बाई रात्रे, नंदू राम रात्रें, सोनू कोसले संदीप घृतलहरे नीलेश्वर बंजारे, लक्ष्मण पुरैना भुवन गेंद्रें, साधराम रात्रें, मूलचंद गेंद्रे, ईश्वरी गेंद्रे, संतोष कोसले, संत प्रसाद कोसले, महेंद्र धजाराम चेलक, हरि शंकर टंडन सहित भारी संख्या में सतनामी समाज के समाज प्रमुख एवं ग्रामीण युवा महिला भारी संख्या में उपस्थित थे। आयोजक मनोज मारकंडे एवं समाज प्रमुखों द्वारा सभी अतिथियों का बाबा गुरु घासीदास के स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। सोमवार को आयोजित संध्या आरती गुरु वंदना में सभी लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## 60 प्रतिशत मानसिक रोगी हैं शराब के कारण

# व्यसन मुक्ति रैली निकाल युवाओं ने लिया नशा नहीं करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ लवन रोड बलौदाबाजार में 23 से 28 मई तक 6 दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन चल रहा है, जिसमें चतुर्थ दिवस युवाओं द्वारा व्यसन मुक्ति अभियान के तहत 26 मई को बलौदाबाजार शहर में व्यसन मुक्ति जनजागरण रैली निकाली गई तथा रैली में शामिल सभी युवक युवतियों के द्वारा नशा न करने का संकल्प लिया गया। रैली का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार से किया गया, जो नगर के अम्बेडकर चैक, बजरंग चैक, नेहरू चैक, गांधी चैक होते हुए पुनः गायत्री शक्तिपीठ में सम्पन्न हुई। रैली में बलौदाबाजार जिले के सभी विकास खण्ड बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, पलारी, सिमगा के लगभग 150 युवक-युवतियां व कार्यकर्ता भाई बहन शामिल होकर लोगों से नशा से दूर रहने की अपील की गई।




उक्त रैली को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि आद.डी. आर.चौहान ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार ने सप्त सूत्री आंदोलन के अन्तर्गत व्यसन मुक्ति अभियान चलाया है तथा आज समाज में व्यसन बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। शराब एवं नशीली ड्रग्स का प्रचलन पूरे देश में युवा वर्ग में बड़ी तेजी से बढ़ा है। मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए कुछ आंकड़े प्रस्तुत किये जैसे कि - हमारे देश में प्रतिवर्ष 14 खरब रूपये नशे की होली में फूंका जा रहा है, भारत में पागलों की संख्या 60 प्रतिशत शराब के कारण हुए हैं। शराब पीने वालों में 27 प्रतिशत मस्तिष्क रोग, 29.27 प्रतिशत फेफड़े रोग एवं 23.3 प्रतिशत अपच रोग से मर जाते हैं, कैंसर से मरने वालों में सिगरेट पीने वालों की संख्या, न पीने वालो से 27 गुणा अधिक है, हर पांच व्यक्तियों की मृत्यु में एक का कारण तम्बाकू है, 60 प्रतिशत से अधिक सड़क व हवाई दुर्घटनाएं नशा से प्रभावित लोगों से होती है। शांतिकुंज प्रतिनिधि द्वारा नशा छोड़ने के अचूक उपाय बताया गया जिसमें- संकल्प शक्ति का प्रयोग कर नशा न करने का दृढ संकल्प, प्राणाकर्षन प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, गायत्री मंप जप आदि का प्रयोग करते हुए युवाओं को व्यसन से बचाओ-सृजन में लगाओ नारे का उद्घोष कराया गया।

